Publication: Punjab Kesri
Date:14/11/2014
Edition: New Delhi
Page No:2
Headline:IT Quiz contest

आईटी क्विज प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला

भारत के सबसे बड़े अंतर्विद्यालयी आईटी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हाल ही में आईआईटी, दिल्ली के डोगरा सभागार में किया गया जिसमें राजधानी के विभिन्न स्कूलों के 1300 से ज्यादा छात्रों ने भागीदारी की।

इस क्विज प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में डीपीएस रोहिणी के छात्र सायन चौधरी और ध्रुव खुराना ने खिताब जीता, जबकि उपविजेता के रूप में डीपीएस आर.के. पुरम के छात्र भरत कश्यप और शिवेन मियान को सम्मानित किया गया। अंतिम 6 प्रतियोगियों को इनाम दिए गए। एलबीएस के चेयरमैन अनिल शास्त्री और टीसीएस नार्थ के अध्यक्ष देवाशीष घोष ने छात्रों को सम्मानित किया। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में तकनीक पर आधारित संकल्पनाएं जैसे सॉफ्टवेयर आधारित राउंड, गेमीफिकेशन और एनिमेशन से जुड़े रोचक तथा इंटेलीजेंट सवालों को शामिल किया गया। इसके अलावा क्विज में छात्रों से रियल टाइम में जुड़ने के लिए संवादात्मक शैली में ट्विटर कांटेस्ट आयोजित किया गया था। 14 शहरों में से जो भी छात्र सबसे ज्यादा ट्वीट करके अधिक अंक हासिल करेगा उसे मुंबई में आईटी क्विज का मेगा फाइनल देखने का अवसर मिलेगा।